देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित
www.page3news.in
नगर संस्करण वर्ष 18 अंकः 255 पृष्ठ : 8 मूल्यः एक रूपए

विचार–प्रवाह...
कठिन चुनौतियां



# पेज श्री

देहरादून, शुक्रवार, 19 जनवरी 2024



मौसम अधिकतम 17.0° न्यूनतम 9.0°

71186.86

2 ईरान में पाकिस्तान का खुफिया हमला
7 हर किसी को खुश नहीं रख सकता

# गर्भगृह में आसन पर स्थापित हुए रामलला

## स्थापित करने में लगा 4 घंटे से ज्यादा का समय, इंजीनियरों व सुरक्षाकर्मियों ने प्रतिमा पर पुष्पवर्षा की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

अयोध्या। अयोध्या नगरी अपने आराध्य के स्वागत के लिए तैयार है। 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठ से पहले अनुष्ठान शुरू हो गए हैं। सात दिनों तक होने वाले इस अनुष्ठान का तीसरा दष्नि है। शाम करीब पांच बजे गर्भगृह में रामलला अपने आसन पर स्थापित हो गए, इस वैदिक क्रिया में पांच घंटे से भी ज्यादा का समय लगा। उनकी अचल मूर्ति को बुधवार देर रात गर्भगृह में पहुंचा दिया गया था। इसके लिए जरूरी कर्मकांड गुरुवार दोपहर से ही शुरू कर दिए गए थे।

कर्मकांड की शुरुआत गणेश पूजन के साथ हुई। किसी भी अनुष्ठान के शुभारंभ से पहले भगवान गणेश का आह्वान किया जाता है। इसी मान्यता के चलते गणेश पूजन व अंबिका पूजन के साथ अनुष्ठान शुरू हुआ। पूजन के क्रम में ही भगवान रामलला के अचल विग्रह को पवित्र नदियों के जल से स्नान कराया जाएगा। इसके अलावा विभिन्न औषधियों से भी स्नान कराया जाएगा।

10 किलो वजनी चांदी की प्रतिमा को मुख्य यजमान डॉ. अनिल मिश्रा ने पालकी पर विराजमान कर नगर का भ्रमण कराया। इस बीच मंदिर परिसर वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजता रहा। आचार्यों, मंदिर निर्माण में लगे इंजीनियरों व सुरक्षाकर्मियों ने प्रतिमा पर पुष्पवर्षा की। विश्व हिंदू परिषद के संरक्षक मंडल के सदस्य दिनेश चंद्र व डॉ. अनिल ने रामलला की रजत प्रतिमा का पूजन किया। इसके बाद निर्मोही अखाड़ा के महंत दिनेंद्र दास और पुजारी सुनील दास ने गर्भगृह में सिंहासन की पूजा की।



### पीएम ने जारी किए श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर स्मारक डाक टिकट

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज श्री राम जन्मभूमि मंदिर पर स्मारक डाक टिकट जारी किया है। इसके अलावा उन्होंने दुनिया भर में भगवान राम पर जारी टिकटों की एक पुस्तक को भी लॉन्च किया है। डाक टिकट के डिजाइन में राम मंदिर, चौपाई श्मंगल भवन अमंगल हारीश, सूर्य, सरयू नदी और मंदिर के आसपास की मूर्तियों को शामिल किया गया है। आपको बता दें कि भारत–अमेरिका सहित कुल 21 देशों में भगवान राम पर डाक टिकट जारी किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जो टिकटों की पुस्तक जारी की है उनमें 6 टिकटें शामिल हैं। राम मंदिर, भगवान गणेश, भगवान हनुमान, जटायु, केवटराज और मां शबरी पर डाक टिकट शामिल है।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में हिस्सा लेने के लिए अतिथियों का आगमन मुख्य आयोजन के चार दिन पूर्व पहले ही प्रारंभ हो गया है। यहां पहुंचने वालों में अधिकांश संत हैं। अभी तक लगभग 35 अतिथियों का आगमन हो चुका है। इसमें से 26 देश के प्रख्यात संत महात्मा हैं। इसके पहले रामजन्मभूमि परिसर को तैयार किया जा रहा है। इसमें देश के प्रमुख संत, फिल्म कलाकार, वैज्ञानिक, खिलाड़ी, लेखक आदि शामिल होंगे। इन सभी के स्वागत में परिसर में नौ हजार लोगों के बैठने के लिए लगभग तीन लाख वर्ग फीट का ओपन पंडाल बनाया जाएगा। मंच बनने लगा है। इसमें 13 ब्लाक होंगे। ब्लाक छोटे व बड़े दो आकार के होंगे।

### राम मंदिर उद्घाटन के दिन पूरे देश में आधे दिन की छुट्टी

नई दिल्ली। राम मंदिर के उद्घाटन के दिन 22 जनवरी को कई राज्यों में छुट्टी की घोषणा के बाद अब केंद्र सरकार ने आधे दिन की छुट्टी का आदेश कर दिया है। गुरुवार को केंद्र की ओर से घोषणा की गई कि राम मंदिर प्राण पतिष्ठा समारोह के लिए 22 जनवरी को सभी केंद्रीय सरकारी ऑफिस आधे दिन के लिए बंद रहेंगे। भगवान राम के प्रति कर्मचारियों की भावना और उनके अनुरोध को देखते हुए 22 जनवरी 2024 को दोपहर 2:30 बजे तक आधे दिन की छुट्टी की घोषणा की है। इस छुट्टी का मकसद है कि जब प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम हो तो लोग अपने घरों में बैठकर इस कार्यक्रम को देखें। केंद्र की घोषणा से पहले कई राज्यों में राम मंदिर के उद्घाटन के दिन छुट्टी की घोषणा की गई है।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री से की शिष्टाचार भेंट

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरुवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को बागेश्वर में बने ताम्र शिल्प पर आधारित उत्पाद तथा उत्तराखण्ड की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार की गई सामग्री भेंट की। प्रधानमंत्री ने राज्य की महिलाओं के परिश्रम की सराहना की तथा उनका आभार व्यक्त किया।

### उत्तराखण्ड सदन में हुआ पुलिस बैरकों का उद्घाटन

**संवाददाता** नई दिल्ली। गुरुवार को नई दिल्ली स्थित उत्तराखण्ड सदन के भूतल में माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के दिशानिर्देशानुसार उत्तराखण्ड पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने पुलिस बैरक का उद्घाटन किया। उत्तराखण्ड सदन में पुलिसकर्मियों की सुविधा हेतु नवीनीकृत बैरक बनाए गए हैं। बैरक में तमाम आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करवाई गई हैं।

# आतंकवाद पर हमारा रुख स्पष्ट है : विदेश मंत्रालय

## पाकिस्तान–ईरान मामले पर नहीं करेंगे टिप्पणी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। एमईए के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मालदीव के मुद्दे पर कहा, दोनों देशों के बीच जो भी चर्चा हुई है, उसे प्रेस विज्ञप्ति के जरिए सामने रखा गया है। मालदीव में भारत के विमान–हेलीकॉप्टर और सैनिकों की तैनाती पर उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने व्यावहारिक समाधान खोजने पर चर्चा की है। इसलिए, चीजें आगे बढ़ेंगी। जल्द ही कोर समूह की अगली बैठक में मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

प्रवक्ता ने कतर की अदालत द्वारा भारतीय नौसेना के आठ पूर्व कर्मियों की मौत की सजा को उम्रकैद में बदलने को लेकर भी बात की। उन्होंने कहा, हमारे राजदूत दूतावास के अधिकारियों के साथ गिरफ्तार किए गए आठ लोगों से मिले थे। जैसा कि हमने पहले भी आपको बताया था कि कानूनी टीम अपील करने के पहलू को देख रही है। साठ दिनों की अवधि के भीतर उन्हें यह अपील दायर करनी है। मामला अब दूसरी अदालत में है। जिस पर कानूनी टीम फैसला करेगी। हमारे पास अभी कुछ समय है। हमारे राजदूत ने उनसे मुलाकात की और उनका हालचाल जाना है।

लाल सागर में तनाव को लेकर विदेश मंत्रालय ने कहा, विदेश मंत्री ने हाल ही में इस मुद्दे पर चर्चा के लिए ईरान का दौरा किया था। आपने देखा होगा कि जब वह वहां थे, तो उन्होंने बयान दिया था। लाल सागर और अदन की खाड़ी में हिंसा और अस्थिरता पर चर्चा की गई। हम पूरी स्थिति को लेकर बेहद चिंतित हैं। यह न केवल भारत के लिए बल्कि दुनिया के लिए एक महत्वपूर्ण व्यापारिक मार्ग है।

### इस्राइल–हमास युद्ध पर हमारा रुख स्पष्ट

एमईए के प्रवक्ता ने अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) में इस्राइल के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के आरोपों पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा, इस्राइल–हमास मुद्दे पर हमारा रुख कई मौकों पर स्पष्ट रहा है। हमने आंतकवाद की आलोचना की है। बंधकों की रिहाई का आह्वान किया। नागरिकों की सुरक्षा और मानवीय मदद का आह्वान किया है। हमारा दो राज्य समाधान को लेकर रुख स्पष्ट है।

# योजनाओं का मूल्यांकन के लिए मैकेनिज्म तैयार करें

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्य सचिव डॉ. एस. एस. संधु की अध्यक्षता में गुरुवार को राज्य गंगा समिति की बैठक आयोजित हुयी। मुख्य सचिव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि गंगा समितियों में स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए बनाए जाने वाले स्थानीय सामुदायिक समूहों ऐसे लोगों को जोड़ा जाए जो इस कार्य में दिल से रूचि लेते हैं। उन्होंने कहा कि जिला गंगा समितियों की बैठकें निर्धारित समयसीमा में अवश्य करा ली जाएं।

मुख्य सचिव ने कहा कि सोशल ऑडिट और थर्ड पार्टी से योजनाओं का मूल्यांकन के लिए मैकेनिज्म तैयार करें। उन्होंने प्रदेश में गंगा के किनारे बसे क्षेत्रों में प्राकृतिक और जैविक खेती पर अधिक से अधिक फोकस किया जाए। उन्होंने कहा कि एसटीपी से उपचारित जल को खेती के लिए पुनः प्रयोग किया जाए, विशेषकर मैदानी क्षेत्रों में योजनाओं को इस प्रकार से डिजाईन किया जाए कि उपचारित जल को पुनः प्रयोग हो सके।

उन्होंने कहा कि योजना के तहत् आजीविका सृजन कार्यक्रम को ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित हाऊस ऑफ हिमालयाज से जोड़ा जाए, इससे योजना को बढ़ाने में तेजी आएगी। उन्होंने कहा कि कला, संस्कृति और पर्यटन के क्षेत्र में स्कूल, कॉलेज और स्थानीय लोगों को अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए।

### निर्देश

- मुख्य सचिव ने की राज्य गंगा समिति की बैठक

### सुझाव भी मांगे

मुख्य सचिव ने जिलाधिकारियों से योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं को साझा करने के साथ ही सुझाव भी मांगे। कहा कि किसी भी योजना में फंडिंग की समस्या आ रही है तो मिसिंग लिंक में प्रस्ताव भेजे जाएं। एक हफ्तें में फंडिंग की जाएगी।

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you
What we do
Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.
Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS
Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.
Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# उत्तरकाशी में महसूस किए भूकंप के झटके

### रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 2.8 मापी गई

**संवाददाता**

उत्तरकाशी। सीमांत जनपद उत्तरकाशी में गुरुवार सुबह भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। हालांकि भूकंप से जिले में किसी तरह के जनहानि या नुकसान की सूचना नहीं है। गुरुवार सुबह 8.30 मिनट पर जिला मुख्यालय उत्तरकाशी में भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 2.8 मापी गई।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेन्द्र पटवाल ने बताया कि जिले में भूकंप से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की सूचना नहीं है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 2.8 मापी गई। भूकंप का केंद्र देहरादून जनपद की सीमा में रहा। उन्होंने बताया कि सभी तहसील क्षेत्र से भूकंप से संबंधित जानकारी ली गई अन्य जगह कहीं भी भूकंप के झटके महसूस नही किए जा रहे हैं।

फिलहाल जनपद में नुकसान की कोई सूचना नहीं है। इससे पहले जनपद उत्तरकाशी में 3 नवंबर को भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। जबकि 5 अक्तूबर को 3.2 तीव्रता का भूकंप का केंद्र उत्तरकाशी में ही दर्ज किया गया।

## न्यूज डायरी



### दक्षिण नाइजीरिया में भीषण विस्फोट में तीन लोगों की मौत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** अबुजा। नाइजीरिया के सबसे बड़े शहरों में से एक में मंगलवार रात हुए भीषण विस्फोट में तीन लोगों की मौत हो गई और 77 अन्य घायल हो गए तथा 20 इमारतों को भी नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने कहा कि बचावकर्मी मलबे में लोगों की तलाश कर रहे हैं जिनके फंसे होने की आशंका है। दक्षिण–पश्चिमी राज्य ओयो में घनी आबादी वाले शहर इबादान में रात लगभग 7:45 बजे भीषण विस्फोट की आवाज सुनाई दी जिससे दहशत फैल गई। उन्होंने कहा कि बुधवार सुबह तक सुरक्षाबलों ने क्षेत्र को घेर लिया। ओयो के गवर्नर सेई माकिंडे ने घटनास्थल का दौरा करने के बाद संवाददाताओं से कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि विस्फोट अवैध खनन कार्यों में उपयोग के लिए रखे गए विस्फोटकों के कारण हुआ। गवर्नर ने बताया कि 77 घायलों में से अधिकतर को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है। खनिज–संपन्न नाइजीरिया में अवैध खनन आम बात है और यह अधिकारियों के लिए एक बड़ी चिंता का विषय रहा है। हालांकि, यह ज्यादातर दूरदराज के इलाकों में किया जाता है, जहां गिरफ्तारी मुश्किल होती है और सुरक्षा प्रक्रियाओं का शायद ही कभी पालन किया जाता है।

### कनाडा में रहना भारतीयों के लिए खतरे से कम नही

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज) एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** टोरंटो। कनाडा में भारतीयों पर हिंसात्मक हमलों की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। भारतीय और दक्षिण एशियाई व्यापारिक समुदायों को जबरन वसूली की धमकियां मिल रही है। इस खतरे पर अब कनाडा के ब्रैम्पटन और सरे के मेयरों ने चिंता जताई है। दोनों मेयरों ने सरकार से इस समस्या को जड़ से खत्म करने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का आग्रह किया है। ब्रैम्पटन के मेयर पैट्रिक ब्राउन और सरे के मेयर ब्रेंडा लॉक ने इस सप्ताह कनाडा के सुरक्षा मंत्री डोमिनिक लेब्लांक को लिखे एक पत्र में जबरन वसूली के प्रयासों और गोलीबारी समेत हिंसक घटनाओं की बढ़ती संख्या पर गहरी चिंता जताई है। मोयर ने पत्र में लिखा कि दक्षिण एशियाई व्यापार समुदाय के सदस्यों को निशाना बनाकर ये हमले किए जा रहे हैं। मेयर्स ने कहा कि रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) और पील क्षेत्रीय पुलिस सहित स्थानीय पुलिस विभागों ने भी स्थिति की गंभीरता को स्वीकारा है। पील पुलिस ने हाल ही में एक्सटॉर्शन इन्वेस्टिगेटिव टास्क फोर्स लॉन्च की है, जो अब जबरन वसूली की 16 घटनाओं से जुड़ी परिस्थितियों की जांच कर रही है।

### डोनाल्ड ट्रंप फिर जीत सकते हैं राष्ट्रपति चुनावः उपराष्ट्रपति कमला हैरिस

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव को लेकर रिपब्लिकन और डेमोक्रेटिक पार्टी में बीच राजनीति चरम पर हो रही है। इस बीच उपराष्ट्रपति कमला हैरिस का चौकाने वाला बयान सामने आया है। कमला हैरिस ने कहा कि वो वह बहुत डरी हुई हैं, क्योंकि डोनाल्ड ट्रंप एक बार फिर राष्ट्रपति चुनाव जीत सकते हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप फिर चुनाव न जीतें इसे सुनिश्चित करने के लिए वो एक आक्रामक अभियान चला रही हैं। हैरिस ने एबीसी के द व्यू शो के एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की। इस शो में एक रिपोर्ट का भी जिक्र किया गया, जिसमें कहा गया कि शीर्ष डेमोक्रेट, जिनमें पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और दक्षिण कैरोलिना के प्रतिनिधि जेम्स क्लाइबर्न शामिल हैं, वो भी राष्ट्रपति जो बाइडन के चुनाव अभियान के बारे में चिंतित हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या वह ट्रंप के दूसरे राष्ट्रपति पद की संभावना को लेकर डरी हुई हैं, कमला हैरिस ने कहा, मैं बिल्कुल डरी हुई हूं। यही कारण है कि मैं हमारे देश की यात्रा कर रही हूं। आप जानते हैं, एक पुरानी कहावत है कि पद के लिए दौड़ने के केवल दो तरीके हैं – या तो बिना किसी प्रतिद्वंद्वी के या डरे हुए। हां मैं डरी हुई हूं। कमला हैरिस ने कहा कि जब हम अपने बच्चों के भविष्य को लेकर डरे हुए होते हैं, तो क्या हम कंबल ओढ़कर बिस्तर पर रहते हैं? उन्होंने कहा, हम ऐसा नहीं कर सकते। इसलिए हमें दोबारा चुनाव जीतना होगा। उन्होंने कहा कि देश के लिए हमें डर लगा रहा है।

# ईरान में आतंकवादी ठिकानों पर पाकिस्तान का खुफिया हमला

## ऑपरेशन के दौरान कई आतंकवादियों को मार गिराया गया

**दावा**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**




इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने दो दिन पहले तेहरान के हमले के जवाब में गुरुवार को ईरान के सिस्तान ओ–बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया। एक बयान में, इस्लामाबाद में विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान के सुरक्षा बलों ने समन्वित और विशेष रूप से लक्षित सटीक सैन्य हमलों की एक श्रृंखला को अंजाम दिया। ऑपरेशन के दौरान कई आतंकवादियों को मार गिराया गया। पाकिस्तान ने गुरुवार को कहा कि उसने ईरान में मिसाइल हमले किए हैं और खुफिया–आधारित ऑपरेशन के दौरान कई आतंकवादी मार गिराए हैं। जिसे मर्ग बर सरमाचर कोडनेम दिया गया था।

पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि उसने ईरान के सिस्तान–ओ–बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादी ठिकानों के खिलाफ अत्यधिक समन्वित और विशेष रूप से लक्षित सटीक सैन्य हमलों की एक श्रृंखला शुरू की थी। इसमें कहा गया है, खुफिया–आधारित ऑपरेशन के दौरान कई आतंकवादी मारे गए, जिसका नाम मर्ग बर सरमाचर था। पाकिस्तान की सैन्य कार्रवाई ईरान द्वारा मंगलवार के हमले की निंदा करने के बाद आई है, जिसमें कहा गया था कि इसमें दो बच्चों की मौत हो गई। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तानी मूल के ये आतंकी खुद को सरमाचर्स (यानी बागी या विद्रोही) कहते हैं और ईरान की धरती से अपने मंसूबों को अंजाम देते हैं। ये लगातार पाकिस्तान में बेगुनाहों का खून बहाते रहे हैं। ऐसे में पाक सेना ने ऑपरेशन को ये नाम दिया, जिसका आम भाषा में मतलब है– विद्रोहियों को मारने का ऑपेशन।

पाकिस्तान ने इन आतंकवादियों की मौजूदगी और गतिविधियों के ठोस सबूतों के साथ कई डोजियर भी साझा किए। हालांकि, हमारी गंभीर चिंताओं पर कार्रवाई नहीं हुई, जिसके चलते ये तथाकथित सरमाचर बेखौफ होकर निर्दोष पाकिस्तानियों का खून बहाते रहे। गुरुवार सुबह की कार्रवाई इसी के मद्देनजर आतंकवादी गतिविधियों की खुफिया जानकारी मिलने पर की गई। यह कार्रवाई सभी खतरों के खिलाफ अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा करने के पाकिस्तान के दृढ़ संकल्प की अभिव्यक्ति है। बयान में कहा गया, इस जटिल ऑपरेशन का सफल क्रियान्वयन पाकिस्तान सशस्त्र बलों के पेशेवर होने का प्रमाण है। पाकिस्तान अपने लोगों को सुरक्षा देने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाना जारी रखेगा,। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी मीडिया ने दावा किया है कि पाकिस्तान के हमलों में सात लोग मारे गए।

# ईरान ने स्वीकारा पाकिस्तान ने देश में की एयर स्ट्राइक

*सिस्तान–बलूचिस्तान प्रांत के एक सीमावर्ती गांव पर हुआ हमला*

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। ईरान ने कुछ दिनों पहले पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों पर हमले किए। इसके बाद अब पाकिस्तानी मीडिया ने दावा किया कि पाकिस्तान की ओर से ईरान में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया है।

ईरान ने पाकिस्तान के मिसाइल स्ट्राइक की जानकारी देते हुए बताया कि इस एयर स्ट्राइक में कम से कम 7 लोगों की मौत हो गई है। ईरान के सुरक्षा अधिकारियों ने जानकारी दी कि इस हवाई हमले में तीन महिलाएं और चार बच्चों की मौत हो गई। यह मिसाइल हमला ईरान के सिस्तान–बलूचिस्तान प्रांत के एक सीमावर्ती गांव पर हुआ।

पाकिस्तान का दावा है कि ईरान में मौजूद बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी बलूचिस्तान लिबरेशन फोर्स जैसे बलूच अलगाववादी उग्रवादी लगातार पाकिस्तान विरोधी गतिविधियों को अंजाम देते हैं। पाकिस्तान ने दावा किया है कि ईरान इन संगठनों को आश्रय देता है। हालांकि,ईरान ने पाकिस्तान के दावों का खंडन किया है।




### अमेरिका ने हौथियों को आतंकवादियों के रूप में किया सूचीबद्ध,

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** स्विट्जरलैंड। अमेरिका ने यमन स्थित हौथी विद्रोहियों को आतंकवादी समूहों की सूची में एक बार फिर से शामिल कर दिया है। बता दें कि आतंकवादियों ने इस सप्ताह लाल सागर क्षेत्र में उनके दूसरे अमेरिकी संचालित जहाज पर हमला किया था जिसका अमेरिकी सेना ने भी जवाब दिया था और हमले किए थे। नवंबर से क्षेत्र में जहाजों पर ईरान–सहयोगी हौथी मिलिशिया के हमलों ने एशिया और यूरोप के बीच व्यापार को धीमा कर दिया है और गाजा में इजराइल और फलस्तीनी हमास आतंकवादियों के बीच युद्ध बढ़ने से प्रमुख शक्तियां चिंतित हो गई हैं। हौथिस का कहना है कि वे फलस्तीनियों के साथ एकजुटता से काम कर रहे हैं और समूह की स्थिति पर अमेरिकी और ब्रिटिश हमलों के जवाब में अमेरिकी जहाजों को शामिल करने के लिए हमलों का विस्तार करने की धमकी दी है।

# सिंगापुर में भारतीय मूल के मंत्री एस ईश्वरन पर लगे भ्रष्टाचार के 27 आरोप

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

▪सात साल के लिए जा सकते हैं जेल

सिंगापुर। सिंगापुर में भारतीय मूल के पूर्व परिवहन मंत्री एस ईश्वरन ने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। भ्रष्टाचार के मामले में फंसे ईश्वरन को पिछले साल जुलाई महीने में गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। सिंगापुर के प्रधानमंत्री ने गुरुवार को अपने परिवहन प्रमुख के इस्तीफे की घोषणा की।

प्रधानमंत्री ली सीन लूंग ने जानकारी दी कि ईश्वरन ने अपने खिलाफ आरोपों की औपचारिक सूचना दिए जाने के बाद 16 जनवरी को सरकार, संसद और सत्तारूढ़ पीपुल्स एक्शन पार्टी (पीएपी) से अपना इस्तीफे सौंप दिया था।

ईश्वरन ने कथित तौर पर सिंगापुर के सबसे अमीर लोगों में से एक, होटल टाइकून ओंग बेंग सेंग से हाई–प्रोफाइल खेल आयोजनों के टिकट को हासिल किया था। ईश्वरन को फुटबॉल मैचों के टिकट, संगीत कार्यक्रम, फॉर्मूला 1 ग्रैंड प्रिक्स के टिकट दिया गया था।

भ्रष्ट आचरण जांच ब्यूरो कहा कि ईश्वरन पर भ्रष्टाचार और न्याय की प्रक्रिया में बाधा डालने सहित कुल 27 आरोप हैं। हालांकि, ईश्वरन ने इन सभी आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि मैं खुद को निर्दोश साबित करने पर ध्यान केंद्रित कर रहा हूं। यदि ईश्वरन को इन भ्रष्टाचार मामलों में दोषी पाया गया तो उन्हें 100,000 सिंगापुर डॉलर तक का जुर्माना लगाया जा सकता है या सात साल की जेल हो सकती है।

61 वर्षीय ईश्वरन 2006 में प्रधानमंत्री ली हिसयन लूंग के मंत्रिमंडल में शामिल हुए और मई 2021 में उन्हें परिवहन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। इसके बाद उन्होंने व्यापार और संचार विभाग भी संभाला। सिंगापुर में र्भ्टाचार के कम मामले सामने आते हैं। इससे पहले किसी मंत्री से जुड़ा आखिरी भ्रष्टाचार का मामला 1986 में सामने आया था जब राष्ट्रीय विकास मंत्री के खिलाफ कथित तौर पर जांच की गई थी। उन्होंने रिश्वत लेने की बात स्वीकार की थी।

### अमेरिकी विदेश मंत्री ने की मोदी सरकार की तारीफ

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दावोस। भारत को 'सफलता की असाधारण गाथा' बताते हुए अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार की 'उल्लेखनीय उपलब्धियों' ने बहुत सारी भारतीय जिंदगियों को भौतिक रूप से लाभ पहुंचाया है एवं उनपर सकारात्मक प्रभाव डाला है। उन्होंने यहां 'विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक, 2024' में यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रयासों से द्विपक्षीय संबंध नयी ऊंचाई पर पहुंच गया है, साथ ही, लोकतंत्र एवं अधिकारों पर चर्चा दोनों देशों के बीच संवाद का नियमित हिस्सा रहा है। यह बिल्कुल निरंतर, वास्तविक और एक ऐसी बातचीत का हिस्सा है, जिससे हमें सकारात्मक बदलाव की उम्मीद है। भारत के साथ बिल्कुल ऐसी ही स्थिति है। हमें असाधारण सफल गाथा दिखती है।

Page Three
Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

# औद्योगिक इकाइयों के संचालन में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो

**बैठक**

## डीएम ने औद्योगिक इकाइयों के लिए ऋण उपलब्ध कराए जाने को लेकर की बैठक

**संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। उद्योग बंधुओं की समस्याओं के निराकरण एवं उनके द्वारा स्थापित किए जाने वाले औद्योगिक इकाइयों के लिए ऋण उपलब्ध कराए जाने हेतु जिलाधिकारी सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में जिला कार्यालय एनआईसी सभागार में जिला उद्योग मित्र समिति एवं एकल खिड़की सुगमता की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने महाप्रबंधक जिला उद्योग को निर्देश दिए हैं कि उद्योग बंधुओं द्वारा अपनी औद्योगिक इकाइयों को स्थापित करने हेतु ऋण उपलब्ध कराए जाने हेतु जो भी आवेदन किए जाते हैं उन आवेदनों को शीर्ष प्राथमिकता से नियमानुसार स्वीकृत कराने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाए इसमें किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए हैं



कि उद्योग बंधुओं द्वारा संचालित की जा रही औद्योगिक इकाइयों के संचालन में किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो तथा उनकी जो भी समस्याएं हैं उनका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए ताकि उद्योग बंधुओं को अपने औद्योगिक इकाइयों के संचालन में किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो इसके लिए सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए समस्याओं का निराकरण तत्परता से करें। उन्होंने महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र को यह भी निर्देश दिए हैं कि औद्योगिक क्षेत्र में उद्यमियों की जो भी समस्याएं हैं उन समस्याओं का पूर्ण विवरण फोटोग्राफ सहित तैयार कर आगामी बैठक में पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुतिकरण किया जाए ताकि वस्तुस्थिति के बारे में स्थिति स्पष्ट करते हुए संबंधित विभाग द्वारा की जाने वाली कार्यवाही तत्परता से कराई जा सके।

बैठक में उद्यमियों इकाइयों के ब्याज उपादान से संबंधित 10 प्रकरण बैंकों से प्राप्त हुए हैं जिन्हें जिलाधिकारी द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई।

बैठक में महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र महेश प्रकाश ने अवगत कराया कि एकल खिड़की सुगमता के अंतर्गत माह सितंबर, 2023 से वर्ततान तक 12 आवेदन प्राप्त हुए हैं जिन्हें अन्य विभागों से सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान करने के बाद निर्धारित समयावधि के अंतर्गत ऑनलाइन सैद्धांतिक स्वीकृति प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोई भी आवेदन पत्र लंबित नहीं है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार, अग्रणी बैंक अधिकारी चतर सिंह, कोषाधिकारी चंद्रप्रकाश सती, जिला सेवायोजन अधिकारी कपिल पांडे, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे, एसडीओ विद्युत विभाग राहुल चौहान, सहायक अभियंता जल संस्थान रेवत सिंह रावत, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशुतोष सहित उद्यमी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### 22 और 26 जनवरी को समस्त मदिरा की दुकाने बंद रहेगी

**संवाददाता** रुद्रप्रयाग। 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम तथा 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस के अवसर पर जनपद के अंतर्गत स्थित समस्त विदेशी मदिरा की फुटकर दुकानें, गोदामों सहित सैन्य कैंटीन विदेशी मदिरा की बिक्री हेतु पूर्णतया बंद रहेंगी। जिला आबकारी अधिकारी लक्ष्मण सिंह बिष्ट ने उक्त आशय की जानकारी देते हुए अवगत कराया है कि आगामी 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के अवसर पर तथा 26 जनवरी, 2024 को गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोक शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आबकारी अधिनियम में निहित प्राविधानों के अंतर्गत जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद के अंतर्गत स्थित समस्त विदेशी मदिरा की फुटकर दकानों सहित गोदाम, एफएल–2द्द2बी एवं सैन्य कैंटीन विदेशी मदिरा की बिक्री व परिवहन हेतु पूर्णतया बंद रहेंगी। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों सहित आबकारी निरीक्षकों को उनसे संबंधित क्षेत्रों में विदेशी मदिरा की फुटकर व थोक दुकानों को गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्णतया बंद रखने के निर्देश दिए हैं।

### गौला खनन गेट कार्यालय में चोरी की रिपोर्ट दर्ज

**संवाददाता** हल्द्वानी। वनभूलपुरा थाना क्षेत्र स्थित इंद्रानगर उप खनिज निकासी गेट कार्यालय में चोरी के बाद गुरुवार को पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौला रेंज के वन दरोगा गणेश पांडे के मुताबिक इंद्रानगर उपखनिज निकासी गेट पर वाहन स्वामियों को रसीद काटकर दिए जाने का काम किया जाता है। कुछ दिन पहले ही यहां कंप्यूटर सिस्टम लगाया गया था। 17 जनवरी को कार्यालय की टिनशेड काटकर अंदर रखे पावर यूनिट की चार बैटरी, एक यूपीएस, इनवर्टर सहित अन्य सामान चोरी हो गया।

### राष्ट्रीय युवा महोत्सव का समापन समारोह रंगारंग कार्यक्रम के साथ हुआ संपन्न

**संवाददाता** देहरादून। पिछले ५ दिनों से नासिक में हो रहा २७वाँ राष्ट्रीय युवा महोत्सव का समापन समारोह महा युवा ग्राम हनुमान नगर में रंगारंग कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ। युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा आयोजित हुए इस ५ दिवसीय महोत्सव में देश भर से करीब ८००० युवाओं ने भाग लिया। नेहरू युवा केंद्र संघ और एनएसएस (नेशनल सर्विस स्कीम) के वालंटियरों ने कड़ी मेहनत से इस महोत्सव का कामयाब बनाने में मदद करी। राष्ट्रीय युवा महोत्सव का आयोजन स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष्य में में हुआ, जिसका उद्घाटन करने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नासिक शहर पहली बार आए।

## खस्ता हाल यमुनोत्री हाईवे पर विभाग भरने लगा सड़क के गड्ढे

**संवाददाता** उत्तरकाशी। प्रशासन की सख्ती के बाद विभागीय अधिकारियों ने यमुनोत्री हाईवे पर पौल गांव से राड़ीघाटी वाले बदहाल पड़े मोटर मार्ग को दुरुस्त करने का काम शुरू कर दिया है। यहां यमुनोत्री नेशनल हाईवे पर पौल गांव से राड़ीघाटी तक सड़क पर पूरी तरह जगह जगह गड्ढे बने हुए थे, जिस पर तीर्थ यात्रियों एव स्थानीय लोगों का चलना दूभर हो रखा था।

इस समस्या को देखते हुए जय हो ग्रुप के सदस्यों ने एसडीएम बड़कोट मुकेश रमोला को ज्ञापन सौंपा तथा चेतावनी दी थी कि यदि शीघ्र ही सड़क पर बने इन गड्ढों को नहीं भरा गया तो वह आंदोलन करने को मजबूर होंगे। लोगों के लिए बनी इस समस्या को ध्यान में रखते हुए एसडीएम बड़कोट ने एनएच एवं एनएचआईडीसीएल को नोटिस भेज कर सड़क को ठीक करने के निर्देश दिए थे। जिसके बद विभाग हरकत में आया मोटर मार्ग पर बने इन गड्ढों को भरने का काम शुरू कर दिया।

कार्य प्रारंभ होने पर जय हो ग्रुप सहित स्थानीय लोगों ने एसडीएम का आभार जताया है। जय हो ग्रुप के संयोजक सुनील थपलियाल ने आगामी चारधाम यात्रा पर आने वाले स्थानीय श्रद्धालुओं को परेशानी न उठानी पड़े, इसके लिए विभाग यात्रा प्रारंभ से पूर्व ही उक्त मोटर रोड़ पर डामरीकरण की भी मांग की है। आभार व्यक्त करने वालों में रणवीर रावत, मोहित अग्रवाल, विनोद विष्ट, आशीष पंवार, जय सिंह, प्रदीप रांगड़, प्रदीप जैन आदि शामिल थे।



## पंच बद्रियों में से एक आदि बद्री में कार्यक्रम किया गया आयोजित

**संवाददाता** चमोली। अयोध्या में श्री राम मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम तक उत्तराखंड में सांस्कृतिक महोत्सव के तौर पर मनाया जा रहा है। गुरुवार को पंच बद्रियों में से एक आदि बद्री में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों द्वारा सांस्कृतिक एवं भक्ति कार्यक्रम किए गए और महिला मंगल दलों द्वारा भजन कीर्तन किया गया। वहीं एसजीआरआर आदिबद्री के बच्चों द्वारा पांडव नृत्य का सुन्दर मंचन किया गया। इस दौरान मंदिर समिति ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले बच्चों एवं महिला मंगल दलों को पुरस्कार वितरित किए। आदिबद्री मंदिर में 15 से 21 तारीख तक भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में मंदिर समिति के अध्यक्ष जगदीश प्रसाद बहुगुणा, कोषाध्यक्ष बलवंत सिंह भंडारी ग्राम प्रधान जसवंत सिंह भण्डारी सहित स्कूलों के अध्यापक व बच्चे मौजूद रहे।

## स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिये सभी पदों पर भर्ती कर रही सरकार

### डा धन सिंह रावत ने अल्मोड़ा एवं बागेश्वर के नव नियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को दिए नियुक्ति पत्र

**संवाददाता** अल्मोड़ा। मंत्री चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, सहकारिता, उच्च शिक्षा डा धन सिंह रावत ने गुरूवार को अल्मोड़ा मेडिकल कालेज में पहुॅचकर जनपद अल्मोड़ा एवं बागेश्वर के कुल 170 नव नियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किये और उन्हें उनके उज्जवल भविष्य की शुभकानायें दी। जिसमें जनपद अल्मोड़ा के 113 व जनपद बागेश्वर के 57 नव नियुक्त नर्सिंग अधिकारी शामिल है। इस दौरान प्राचार्य मेडिकल कालेज डा. सीपी भैसाड़ा में मंत्री को शॉल उढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया और उपस्थित सभी लोगों द्वारा मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री ने नव नियुक्त नर्सिंग अधिकारियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आप बडे सौभाग्यशाली है कि आपको मनुष्य की सेवा करने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आपको जो जिम्मेदारी आज मिल रही है उसका निर्वहन ईमानदारी व कर्तव्यनिष्ठा के साथ करें।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिये सभी पदों पर भर्ती कर रही है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग 11 हजार लोगों को नौकारी देने जा रहा है जिसमें वार्ड बॉय, एएनएम,सीएओ, लैब टेक्निशियन, एक्सरे टेक्निशियन, ओटी टेक्निशियन सहित 500 चिकित्सकों की नियुक्ति मार्च में करने जा रहा है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा विभाग में सभी श्रेणी का कोटा पूरा कर लिया गया है अब किसी भी कोटें के पद चिकित्सा विभाग में खाली नहीं है।

मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार ने 378 करोड़ रू मेडिकल कालेज के लिये दिये हैं उन्होंने प्राचार्य मेडिकल कालेज को निर्देश दिये कि धनराशि खर्च करने की गति काफी धीमी चल रही है। उन्होंने प्राचार्य को निर्देश दिये कि सांसद, जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से समन्वय स्थापित कर मेडिकल कालेज के कार्यों में गति लायी जाय।

## मोरी में चार लाख की चरस पकड़ी

**संवाददाता** उत्तरकाशी। मोरी पुलिस ने 2 किलो 30 ग्राम अवैध चरस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट में मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। पकड़ी गई चरस की बाजार कीमत चार लाख रुपये आंकी गई है। एसपी अर्पण यदुवंशी के दिशा–निर्देशन में ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन–2025 व मुहिम उदयन के अंतर्गत उत्तरकाशी पुलिस की नशा तस्करों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में सीओ प्रशांत कुमार के पर्यवेक्षण एवं थानाध्यक्ष मोरी मोहन कठैत के नेतृत्व में मोरी पुलिस चेकिंग अभियान चलाया। जिसके तहत टीम ने देई झूलापुल के पास नैटवाड रोड से बाइक सवार शमशेर अली पुत्र इशराइल मोहम्मद (25) निवासी ग्राम व्यास कोटरी, पांवटा साहिब, जिला सिरमौर, हिमाचल प्रदेश को 2.30 किलो चरस अवैध चरस के साथ दबोचा। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने बाइक को सीज कर दिया।

*समय और धैर्य वह दो हीरे मोती है, जिनके बल पर व्यक्ति मुश्किल से मुश्किल, लक्ष्य हासिल कर सकता है ! –अज्ञात।*





# कठिन चुनौतियां

**वैसे, बांग्लादेश में लंबे समय से राजनीतिक स्थिरता रही है। शेख हसीना 2008 से लगातार सत्ता में हैं। उन्हें बांग्लादेश को आर्थिक विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ाने का श्रेय भी दिया जाता है। कुछ साल पहले तक बांग्लादेश की गारमेंट इंडस्ट्री की बढ़त को एक मिसाल के तौर पर पेश किया जाता था।**

अनिल शर्मा।।

पड़ोसी बांग्लादेश में 12वें आम चुनाव हिंसा की घटनाओं और बहिष्कार की अपीलों के साये में संपन्न हुए। ये चुनाव इस बात का भी संकेत हैं कि किसी देश में लोकतंत्र के ढांचे के बने रहते हुए भी अगर लोकतांत्रिक चेतना कमजोर पड़ने लगे तो वहां चुनाव लोगों की नजर में सार्थकता खोने लगते हैं। इसका सबूत यह है कि इन चुनावों में मतदान प्रतिशत काफी कम रहा। पहले चार घंटों में मात्र 18.5 फीसदी वोट दर्ज किए गए थे।

हालांकि जहां तक इन चुनावों की स्वतंत्रता और निष्पक्षता का सवाल है तो उस पर नजर रखने के लिए 100 से ज्यादा विदेशी प्रेक्षक बांग्लादेश में मौजूद हैं, जिनमें 3 भारतीय भी हैं। इन प्रेक्षकों की रिपोर्ट का अंतरराष्ट्रीय बिरादरी इंतजार करेगी, लेकिन देश के अंदर के माहौल की बात करें तो चुनावों के विरोध का भाव भले हो, इसके नतीजों को लेकर किसी तरह का सस्पेंस नहीं है।



मतों की गिनती का काम सुबह से शुरू होगा, लेकिन यह बात तय मानी जा रही है कि मौजूदा प्रधानमंत्री शेख हसीना फिर से सत्तारूढ़ होंगी। यह उनका कुल मिलाकर पांचवां और लगातार चौथा कार्यकाल होगा। परिणामों को लेकर इस तरह की निश्चितता की वजह यह है कि मुख्य विपक्षी पार्टी बीएनपी इन चुनावों में हिस्सा ही नहीं ले रही। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया भ्रष्टाचार के आरोपों में घर में नजरबंद हैं और उनकी पार्टी बीएनपी ने इन चुनावों के बहिष्कार की अपील कर रखी है। चुनावों से पहले ही हजारों की संख्या में विपक्ष के नेता, कार्यकर्ता और समर्थक गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

वैसे, बांग्लादेश में लंबे समय से राजनीतिक स्थिरता रही है। शेख हसीना 2008 से लगातार सत्ता में हैं। उन्हें बांग्लादेश को आर्थिक विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ाने का श्रेय भी दिया जाता है। कुछ साल पहले तक बांग्लादेश की गारमेंट इंडस्ट्री की बढ़त को एक मिसाल के तौर पर पेश किया जाता था। हालांकि 2022 के बाद से इसकी ग्रोथ पहले जैसी नहीं रही। अब चुनावों के बाद विपक्ष के असहयोग की संभावना को देखते हुए माना जा रहा है कि नई सरकार के लिए आर्थिक सुधारों की प्रक्रिया आगे बढ़ाकर इकॉनमी को फिर से पटरी पर लाना शायद आसान न हो।

भारत सरकार ने ठीक ही यह एकदम स्पष्ट कर रखा है कि चुनाव पूरी तरह से बांग्लादेश का आंतरिक मामला है। बांग्लादेश के साथ भारत के अच्छे संबंध रहे हैं और हाल के वर्षों में उनमें और सुधार देखने में आया है। बांग्लादेश की जमीन से भारत में आतंकवादी हरकतों को अंजाम देने वाले तत्वों पर भी काफी हद तक लगाम लगाई गई है। चुनावों के बाद जो भी सरकार आएगी उसके साथ भारत अपने संबंधों को नई ऊंचाई देने का काम जारी रखेगा।

## निर्भय



धर्म-दर्शन

**अशोक वोहरा।** केसरी ने कहा, ''ऋषिवरो! मैंने तो बिना किसी कामना के प्रमत्त हाथी को, जो किसी प्रकार वश में नहीं आ रहा था, मार कर आपकी इस यज्ञ भूमि को निर्भय किया है। आपका दिया यह स्वतः आशीर्वाद मुझे शिरोधार्य है।'' केसरी ऋषियों को प्रणाम कर चले गए। समय आने पर अंजना के गर्भ से एक बालक का जन्म हुआ। उसमें अपने बाल्यकाल से ही ऋषियों द्वारा दिए आशीर्वाद का तेज झलकने लगा। आश्रमों में वह पवन वेग की तरह जहां–तहां पहुंच जाता। आश्रमों में विघ्न डालने वाले वन्य जीवों तथा दुष्ट व्यक्तियों को अपने अपार बल से खदेड़ देता। अपने इस पराक्रम से वह मदमत्त हो जाता तथा अपने साथियों के साथ वह आश्रमों में क्रीड़ा करने लगता। उसको खेलने से कोई रोकता तो वह उसको भी तंग करने लगता। बालक तो था ही।

# संपादकीय

## अहम मोड़ पर भारत

मौजूदा विश्व व्यवस्था और भारत दोनों के लिए यह एक अहम मोड़ है। भारत एक बड़ी उपलब्धि की दहलीज पर खड़ा है। न केवल अगली पांत की एक ऐसी आर्थिक शक्ति के रूप में जो एक बहुसांस्कृतिक लोकतंत्र भी है, बल्कि एक ऐसे जियो पॉलिटिकल प्लेयर के तौर पर भी, जो केवल संतुलन ही नहीं बनाता, नेतृत्व भी करता है। बीते वर्ष भारत की बाहरी भागीदारी का एक और पहलू इस बात का बढ़ता अहसास रहा कि महत्वपूर्ण क्षेत्रों में घरेलू क्षमता निर्माण का कोई विकल्प नहीं है। केवल एक मजबूत और आत्मनिर्भर भारत ही चीन की बढ़ती आक्रामकता का मुकाबला कर सकता है। यदि कोविड–19 ने भारत को महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे में आत्मनिर्भरता की आवश्यकता को लेकर सचेत किया, तो रूस–यूक्रेन युद्ध ने उसे रक्षा आपूर्ति के लिए दूसरों पर अति निर्भरता के खतरों से आगाह किया। यही नहीं आर्थिक मोर्चे पर इससे समान सोच वाले देशों के साथ ठोस व्यापारिक साझेदारी की संभावना और मजबूत हुई है। अगले कुछ वर्षों में नई दिल्ली जो फैसले करेगी, उनसे ही इस उत्कर्ष की रूपरेखा तय होगी।

तमाम ग्लोबल स्टेकहोल्डर्स के बीच आम सहमति बनाकर नई दिल्ली ने बड़ा सोचने और बड़े नतीजे देने की अपनी तैयारी का संकेत दिया, जिसकी दुनिया लंबे समय से भारत से उम्मीद कर रही थी।

# मूलभूत बदलाव

हर्ष वी. पंत।।

नए साल में हम एक ऐसी विश्व व्यवस्था देख रहे हैं जिसे राजनीतिक, आर्थिक और कूटनीतिक तौर पर पुनर्गठित किया गया है। पिछले कुछ वर्षों से जो रुझान सतह के नीचे थे, वे अपनी पूरी जटिलता के साथ खुलकर सामने आ गए हैं। इनसे उपजी चुनौतियों से निपटना मौजूदा ढांचे और संस्थानों के लिए मुश्किल होता जा रहा है। दरअसल अंतरराष्ट्रीय संबंधों के केंद्र में एक बौद्धिक शून्य है जिसे एक शब्द के बार–बार इस्तेमाल से भरा जा रहा है। वह है– 'डिसरप्शन'। जिस चीज को भी दुनिया समझ नहीं पाती या स्वीकार नहीं कर पाती, उसे डिसरप्शन करार दिया जाता है।

सच यह है कि दुनिया बदलते शक्ति संतुलन, असाधारण तकनीकी प्रगति और संस्थानों की गिरावट के कारण आ रहे मूलभूत बदलावों से जूझ रही है। यह प्रक्रिया कोविड–19 महामारी, यूरेशिया तथा मध्य पूर्व में युद्धों के कारण और तेज हो गई है। इससे महंगाई का दबाव, भोजन और ऊर्जा का संकट तथा व्यापक आर्थिक मंदी के हालात दिख रहे हैं। तमाम देश अपने नागरिकों की बुनियादी जरूरतें पूरी करने के लिए बेतहाशा खर्च कर रहे हैं और हम सतत विकास लक्ष्यों से दूर खड़े हैं।



वैश्विक प्रतिस्पर्धा के केंद्रीय क्षेत्र हिंद–प्रशांत में भारत के सामने भी कई चुनौतियां आ खड़ी हुई हैं। इनमें बड़ी शक्तियों की आपसी प्रतिद्वंद्विता, संघर्ष, आर्थिक संकट, डी–ग्लोबलाइजेशन और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी घटनाएं शामिल हैं। हालांकि, इनमें से हर चुनौती भारत के लिए अवसर भी है। इन चुनौतियों से सही ढंग से निपटते हुए और अवसरों का उचित इस्तेमाल करके भारत विश्व व्यवस्था में अपनी हैसियत बढ़ाकर कई तरह के अहम सामरिक लाभ हासिल कर सकता है।

पिछले साल की बात करें तो भारत ने आत्मविश्वास के साथ वैश्विक नेतृत्व की भूमिका निभाई। जी–20 की अध्यक्षता ने नई दिल्ली को कोविड–19 महामारी के साये से उबरती दुनिया में वैश्विक सहयोग के अजेंडे को आकार देने का मौका दिया। जी–20 मंच इस मायने में खास है कि यह विकसित और विकासशील देशों को एक साथ लाकर उन्हें ग्लोबल गवर्नेंस की राह में आ रही चुनौतियों पर चर्चा करने और उनके हल तलाशने का मौका देता है। नई दिल्ली ने ग्लोबल साउथ की आकांक्षाओं को आवाज देने के लिए इसका बेहतरीन इस्तेमाल किया। वह भी ऐसे समय में जब कई बड़ी ताकतें अपनी घरेलू समस्याओं से इस कदर घिरी हैं कि उनके पास कमजोर देशों की मदद करने के लिए न तो समय है और न संसाधन। भारी अशांति और उथल पुथल के इस दौर में महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय जमावड़े की मेजबानी करते हुए तमाम ग्लोबल स्टेकहोल्डर्स के बीच आम सहमति बनाकर नई दिल्ली ने बड़ा सोचने और बड़े नतीजे देने की अपनी तैयारी का संकेत दिया, जिसकी दुनिया लंबे समय से भारत से उम्मीद कर रही थी। यह न केवल प्रमुख वैश्विक गठबंधनों और बहुपक्षीय गठबंधनों में भाग लेकर, बल्कि नए गठबंधन बनाते हुए बड़ी वैश्विक भूमिका निभाने, और इस तरह जलवायु परिवर्तन, टिकाऊ विकास, वैश्विक स्वास्थ्य और शांति सुरक्षा जैसे क्षेत्रों में अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने की भारत की इच्छा के अनुरूप है। एक जिम्मेदार ग्लोबल स्टेकहोल्डर के तौर पर प्राकृतिक आपदाओं या संघर्षों के दौरान सबसे पहले प्रतिक्रिया देना भारत के वैश्विक प्रोफाइल को बढ़ाने में मददगार साबित हुआ है। हर बात पर ना कहने वाले से देश से ग्लोबल गवर्नेंस में जिम्मेदारी निभाने को तैयार देश बनने की यात्रा भारतीय विदेश नीति का एक महत्वपूर्ण ट्रेंड रहा है।

### सूडोकू बवाल-5321

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | | 4 | 3 | 9 | 7 | 5 | | 6 |
| 3 | | | | | 2 | | | |
| | | 7 | 6 | 5 | | | | 4 |
| 9 | 6 | | 5 | | | 1 | | 7 |
| 5 | | 1 | 4 | | 9 | 8 | | 2 |
| 4 | | 8 | | | | | 5 | 3 |
| 2 | | | | 6 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकू बवाल -5320 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 4 | 9 | 5 | 2 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 8 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 | 1 | 3 | 6 |
| 6 | 7 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 2 |
| 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 3 | 7 | 8 | 4 |
| 2 | 4 | 8 | 5 | 7 | 9 | 3 | 6 | 1 |

## अपना ब्लॉग

### सधता संतुलन

**मोहन।** 2023 में वर्ष दिखाई देने वाली दूसरी प्रवृत्ति थी अपनी महत्वपूर्ण साझेदारियों को लगातार संतुलित रखने की भारत की क्षमता। चुनौतियों के बावजूद प्रमुख ग्लोबल ताकतों के साथ नई दिल्ली के संबंध आगे बढ़ते रहे। यूक्रेन युद्ध ने पश्चिम के साथ भारत के संबंधों में कोई दरार पैदा नहीं की। हालांकि जब युद्ध शुरू हुआ था तब इसकी आशंका जताई जा रही थी। इसके उलट, ये रिश्ते और मजबूत होते रहे। सिख अलगाववादी नेता और अमेरिकी नागरिक गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश से जुड़े आरोपों के बावजूद भारत–अमेरिका संबंधों में गति बनी रही। क्वाड्रिलैटरल सिक्यॉरिटी डायलॉग क्वाड का दोबारा उभर आना साफ इशारा है कि भारत और अमेरिका उभरती वास्तविकताओं के आधार पर एक नई साझेदारी शुरू करने के इच्छुक हैं। इसके साथ ही भारत रूस के साथ अपने करीबी रक्षा और सामरिक संबंध बनाए रखने में भी कामयाब रहा। 2023 में भारत का रक्षा निर्यात 15,920 करोड़ रुपये तक पहुंच गया जो 2016–17 के रक्षा निर्यात के 10 गुने से भी ज्यादा है। देश के बढ़ते सैन्य–औद्योगिक क्षेत्र के लिए तो यह एक उपलब्धि है।





## पॉप आइकॉन माइकल जैक्सन की बन रही है बायोपिक

माइकल जैक्सन। जिनका नाम ही काफी है। उन्हें पॉप आइकॉन कहा जाता है। डांस की दुनिया का बेताज बादशाह। जिनकी जिंदगी बहुत छोटी थी, लेकिन उनके किस्से लोगों को ताउम्र याद रहेंगे। माइकल की जिंदगी को और करीब से जानने के लिए आपके पास एक मौका है। उनकी बायोपिक बन रही है। इसे देखने के लिए अभी एक साल का इंतजार करना होगा। आइये इसके बारे में डिटेल में जानते हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, किंग ऑफ पॉप माइकल जैक्सन की बायोपिक पर काम चल रहा है। ये फिल्म साल 2025 में थिएटर्स में रिलीज होगी। इसके डायरेक्टर Antoine Fuqua हैं। माइकल जैक्सन के भतीजे जाफर जैक्शन इस बायोपिक में उनका किरदार निभाएंगे। हॉलीवुड रिपोर्टर लायंसगेट के हवाले से कहा कि फिल्म माइकल की लाइफ के सभी पहलुओं को कवर करेगी, हालांकि अभी ये स्पष्ट नहीं है कि मेकर्स उनसे जुड़े विवादों को कैसे दिखाएंगे। माइकल जैक्सन का जन्म 29 अगस्त 1958 को हुआ था। वो अमेरिकन सिंगर, सॉन्गराइटर, डांसर थे। उन्हें शकिंग ऑफ पॉपश कहा जाता था। उनका जितना नाम था, उतने ही विवाद भी जुड़े थे। उन पर बच्चों के यौन शोषण का आरोप लगा था। गिरफ्तार भी हुए। उनके लुक्स को लेकर भी काफी कुछ कहा गया कि उन्होंने कई सारी सर्जरी कराई थीं।

## विभूतीजी उर्फ आसिफ शेख हो गए थे फिल्मों से निराश

भाभी जी घर पर हैं में विभूतीजी का किरदार निभाने वाले आसिफ शेख को दर्शक खूब पसंद करते हैं। इन्होंने कई टीवी शोज के साथ—साथ फिल्में भी की हैं। अब एक इंटरव्यू में एक्टर ने एक खुलासा किया है। उन्होंने बताया कि जब वह मूवीज करते थे तो बहुत निराश हो गए थे। एक्टर आसिफ शेख ने पहले लखनऊ के खाने की तारीफ की। उन्होंने कहा, मैं वैसे तो पूरा खाना नहीं खाता। मगर जब लखनऊ आता हूं तो यहं की फेमस चीजें लोकल रेस्टोरेंट में खाता हूं। आज लंबे समय बाद मैंने पेट भरकर खाना खाया है। आसिफ शेख ने बताया कि वह यहां पर पहली फिल्म रामा ओ रामा के लिए आए थे, जो कि 1989 में रिलीज हुई थी। उस वक्त लखनऊ की एतिहासिक धरोहरों की खूब खासियत हुआ करती थी। एक्टर ने बताया कि उनके पापा हमेशा उनको लोगों को आप कहकर बुलाने की सीख देते थे। उन्होंने बताया कि पहले वह इंडस्ट्री में विलन थे लेकिन अब कॉमेडियन बन चुके हैं। आसिफ शेख का कहना है कि कॉमेडी को वह इंजॉय करते हैं और अब वो उनका कम्फर्ट जोन बन चुका है।

## मेगास्टार चिरंजीवी को मिलेगा पद्म विभूषण सम्मान!



मेगास्टर चिरंजीवी को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है। कहा जा रहा है कि उन्हें जल्द ही देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया जाएगा। चार दशक से भी लंबे करियर में चिरंजीवी ने 150 से ज्यादा फिल्में की हैं। फिल्मों के अलावा वह समाज सेवा भी करते रहते हैं और खूब चौरिटी भी करते हैं। ईटाइम्स के मुताबिक, अब रिपोर्ट्स हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चिरंजीवी को पद्म विभूषण से नवाजा जाएगा। चिरंजीवी को यह सम्मान उनकी सोशल सर्विस के लिए दिया जाएगा। कोरोना काल के दौरान चिरंजीवी ने लोगों की मदद के लिए एंबुलेंस सर्विस की शुरुआत की थी। इसके अलावा वह अपने नाम से एक ब्लड बैंक भी चलाते हैं। चिरंजीवी को अब तक पद्म भूषण, 9 फिल्मफेयर अवॉर्ड्स साउथ, तीन नंदी अवॉर्ड्स और डॉक्टरेट की मानद उपाधि समेत कई और अवॉर्ड मिले हैं, जिनकी कुल संख्या 20 है। इनमें जी सिने, संतोषम और सिनेमा एक्सप्रेस के अलावा रघुपति वैंकेया अवॉर्ड और ᙇᙇ इंडियन फिल्म पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर अवॉर्ड जैसे सम्मान शामिल हैं। सोशल मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, चिरंजीवी को उस चुनौतीपूर्ण समय में समाज सेवा के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता के लिए पद्म विभूषण से सम्मानित करने के लिए चुना गया है।

# चेहरा छुपाए क्लीनिक से बाहर निकले शाहरुख खान




एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

*शाहरुख आजकल जहां भी स्पॉट किए जाते हैं, वह अकसर हुडी पहने और चेहरे को छाते से छुपाए ही दिखते हैं। वह पपाराजी और फैंस से बचने की हर संभव कोशिश करते हैं। लेकिन इवेंट्स में वह एकदम पूरे स्वैग के साथ एंट्री करते हैं। तब न तो उनके पास छाता होता है और ना ही वह चेहरा छुपाने की कोशिश करते हैं। यूजर्स अकसर ही सवाल करते हैं कि आखिर शाहरुख अपना चेहरा क्यों छुपाते हैं? हाल ही किंग खान ने एक बार फिर ऐसा ही किया। शाहरुख खान को हाल ही मुंबई में एक क्लीनिक में जाते हुए देखा गया। जब वह वहां से लौट रहे थे, तो पपाराजी और लोगों ने उन्हें हर तरफ से घेर लिया। हर कोई शाहरुख की एक झलक पाने की कोशिश करने लगा। लेकिन एक्टर के साथ सिक्यॉरिटी गार्ड्स ने पूरी कोशिश की कि शाहरुख की झलक न दिखे। शाहरुख ने अपना चेहरा हुडी से ढका हुआ था। इसके अलावा एक सिक्यॉरिटी गार्ड ने उन्हें छाते से ढक दिया।*

**फैन की फोटो खींचने की कोशिश, शाहरुख ने मारा हाथ**

वहां काफी भीड़ थी, लेकिन इसके बीच एक फैन ने अपना फोन नीचे करके छाते में छुपे शाहरुख की फोटो लेने की कोशिश की। पर जैसे ही शाहरुख की नजर पड़ी, तो उन्होंने उस फैन के फोन पर हाथ मारा और फोटो लेने से रोका। फिर हाथ मारकर शाहरुख अपने काफिले के साथ तुरंत ही आगे निकल गए।



**हैरान यूजर्स पूछ रहे एक ही सवाल**

शाहरुख का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, और इस पर काफी कमेंट आ रहे हैं। यूजर्स पूछ रहे हैं कि आखिर शाहरुख इस तरह अपना चेहरा क्यों छुपा रहे हैं? उन्होंने फैन को फोटो लेने से क्यों रोका?

**शाहरुख छाते और हुडी से क्यों छुपाते हैं चेहरा?**

वैसे बता दें कि शाहरुख की जब भी कोई नई फिल्म आनी होती है, तो उससे पहले वह खुद को इसी तरह हुडी और छाते से कवर करके ही निकलते हैं। पठान, जवान और डंकी के वक्त ऐसा ही हुआ था। अब हो सकता है कि शाहरुख अपने नए प्रोजेक्ट की तैयारियों में जुटे हैं। वैसे एक तरफ रिपोर्ट्स हैं कि वह सलमान खान के साथ टाइगर वर्सेस पठान की शूटिंग शुरू करेंगे, वहीं दूसरी ओर चर्चा है कि संजय लीला भंसाली उनके साथ इंशाल्लाह बनाने की प्लानिंग कर रहे हैं। फिल्म की शूटिंग मई 2024 से शुरू हो सकती है।

# भाभी जी घर पर हैं फेम शुभांगी अत्रे नहीं लेंगी पति पीयूष से तलाक?

*टीवी एक्ट्रेस शुभांगी अत्रे ने पति पीयूष से दे साल पहले ही अपने रास्ते अलग कर लिए थे। इनकी एक बेटी भी है, जो विदेश में पढ़ाई कर रही है। हालांकि अब एक्ट्रेस तलाक की अर्जी दायर नहीं कर रही हैं क्योंकि वह अपनी बेटी को इन सब कानूनी पचड़ों में नहीं डालना चाहती हैं।*



भाभी जी घर पर हैं में अंगूरी भाभी का किरदार निभा रहीं शुभांगी अत्रे एक बार फिर चर्चा में हैं। उन्होंने और उनके पति पीयूष पूरे को अलग हुए दो साल से अधिक समय हो गया है। लेकिन एक्ट्रेस ने अभी तक अपनी बेटी को इन सबसे दूर रखा है और अलग होने के लिए कानूनी रास्ता नहीं अपनाया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्ट्रेस ने अभी तक तलाक दायर नहीं किया है। शुभांगी अत्रे ने 2003 में इंदौर में डिजिटल मार्केटिंग में कार्यरत पीयूष से शागी की थी। दो साल बाद उन्होंने एक बेटी को जन्म दिया। मगर पिछले साल यह खबर आई थी कि दोनों लगभग एक साल से साथ नहीं रह रहे हैं। ये अब अलग होना चाहते हैं। साथ बी ये भी बताया गया था कि कपल ने अपनी शादी को एक और मौका दिया। मगर बात नहीं बनी। दोनों ने ये समझौता कर लिया कि अब वह साथ नहीं रह सकते हैं।

**शुभांगी अत्रे बेटी के लिए कर रहीं ऐसा**

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, एक्ट्रेस अलग रह रही हैं लेकिन को तलाक की कार्यवाही को आगे नहीं बढ़ाना चाहती हैं। शुभांगी और पीयूष अलह हो गए हैं। और अपनी—अपनी लाइफ में आगे भी बढ़ चुके हैं। लेकिन जब लीगल फॉर्मैलिटीज की बात आती है तो वो पीछे हट जाते हैं। क्योंकि वह अपनी बेटी को इन सब पचड़ों में नहीं लाना चाहते हैं। और ऐसे ही आगे जारी रखना चाहते हैं।

**निजी जीवन के बारे में नहीं बोलती शुभांगी**

शुभांगी अत्रे के वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने कसौटी जिंदगी की, कस्तूरी, चिड़िया घर जैसे शोज किए हैं और अब वह भाभी जी घर पर हैं में अंगूरी भाभी का रोल करके सबको एंटरटेन कर रही हैं। वह अपनी पर्सनल लाइफ के बारे में बात नहीं करतीं। प्रोफेशनल लाइफ पर ही फोकस करना चाहती हैं।

# अजवाइन है सबसे सस्ता फैट बर्नर, यह भी हैं जबरदस्त फायदे

*क्या आप काफी समय से वजन कम करने की कोशिश में लगे हुए हैं और नहीं कर पा रहे हैं या पेट की समस्या से परेशान है, तो ऐसी कई समस्याओं का उपाय, आपके किचन में रखा यह एक मसाला कर सकता है। हम बात कर हैं अजवाइन की, यह एक सबसे सस्ता और फायदेमंद मसाला होने के साथ एक अच्छा फैट बर्नर भी है।*



अजवाइन का इस्तेमाल भारतीय रसोई में काफी सालों से किया जा रहा है। इसके सेवन से आप आसानी से वजन कर सकते हैं । यह कई स्वास्थ्य संबंधित फायदे भी देती है, जैसे कि पेट दर्द, गैस और पेट के कई रोगों को भी यह दूर करने में मदद करती है। जिन लोगों को गठिया है, उसके उपचार में भी यह काफी लाभदायक साबित हो सकता है। इसका उपयोग हर्बल औषधि में किया जाता है।

**वेट लहस में मदद करता है**

अजवाइन में थाइमोल नामक एक तत्व होता है, जो आपके मेटाबॉलिज्म को बूस्ट करता है। जब आपका मेटाबॉलिज्म बूस्ट होता है, तो नया फैट बन नहीं पता है और पुराना फैट आसानी से बर्न होता है, तो अजवाइन का सेवन इस तरह से वजन कम करने में मदद कर सकता है।

**दर्द निवारक है**

पेट के दर्द में अजवाइन काफी काम आती है, क्योंकि इसमें एंटी–इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो दर्द को कम करने में मदद करते हैं।दर्द के अलावा यह सूजन को भी कर सकती है। अजवाइन में थाइमोल नामक तत्व होता है, जो एंटी–इन्फ्लेमेटरी और एंटी–ऑक्सीडेंट गुणों के लिए जाना जाता है।

**ब्लड प्रेशर कंट्रोल**

इसमें मौजूद पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट्स की मात्रा ब्लड प्रेशर को कंट्रोल में मदद कर सकता है। हाई पोटैशियम डाइट से उच्च ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

**पाचन स्वास्थ्य के लिए**

अजवाइन पाचन को सुधारने में मदद कर सकता है। अगर आपको गैस, एसिडिटी, और कब्ज की समस्या बनी रहती है, तो आपको इसका रोजाना सेवन जरूरी करना चाहिए।

**दिल के स्वास्थ्य के लिए अच्छा है**

अजवाइन में फाइबर, विटामिन ए और अन्य तरह के पोषण पाए जाते हैं, जो दिल के स्वास्थ्य को सुधार सकती हैं। इस पर हुए शोध में पता चला है कि इसमें एंटीऑक्सीडेंट की भरपूर मात्रा पाई जाती है, जो शरीर में कोलेस्ट्रॉल से लड़ने में काफी सहायक होती है।

# ये चीजें कभी लंबी नहीं होने देती उम्र, पहली वजह से लगता है डर

*उम्र कम होने का सबसे बड़ा कारण बीमारियां हैं। जिसके पीछे आपकी लाइफस्टाइल हो सकती है। अगर आप संभावित उम्र को बढ़ाना चाहते हैं तो इन बाधाओं से दूर रहें। उम्र बढ़ने के साथ ही स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं भी बढ़ने लगती हैं। ऐसे में खुद को फिट रखना और हेल्थ से जुड़ी कुछ बातों का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। अगर आप भी खुद को हेल्दी बनाए रखते हुए लंबी उम्र पाना चाहते हैं, तो इन बातों का ख्याल जरूर रखें।*



एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

**डायबीटीज और कमर का साइज**

डायबीटीज उन बीमारियों में से एक है, जो उम्र को सबसे ज्यादा प्रभावित करती है। इस बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को हेल्थ से जुड़ी कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में जरूरी है कि यह बीमारी शुरुआती स्टेज में ही पता चल जाए, इसके लिए समय–समय पर मेडिकल टेस्ट जरूर करवाएं। जिन महिलाओं की कमर 31.5 इंच से ज्यादा और पुरुषों में 37 इंच से अधिक होती है, उन्हें हाई ब्लड प्रेशर, दिल की बीमारी और डायबीटीज होने का ज्यादा खतरा होता है।

**दिल की बीमारी से बचें**

आजकल दिल की बीमारी सिर्फ बड़ी उम्र में ही नहीं बल्कि कम उम्र के युवाओं को भी अपना शिकार बना रही है। लाइफस्टाइल से जुड़े कुछ बदलाव लाकर हार्ट अटैक के खतरे को कम किया जा सकता है।



**स्मोकिंग से कम होती है आयु**

स्मोकिंग की आदत सिर्फ आपके लंग्स ही नहीं बल्कि दिल को भी बहुत नुकसान पहुंचाती है, ऐसे में इससे दूरी बनाए रखना ही बेहतर है। अपना बीएमआई टेस्ट करवाएं और उसके मुताबिक वेट को बनाए रखने की कोशिश करें। जिन लोगों को हाई ब्लड प्रेशर की परेशानी है वह अपनी डाइट का विशेष ध्यान रखें। खासतौर पर ज्यादा नमक या तेल–मसाले की चीजें खाने से बचें।

**याददाश्त को रखें दुरुस्त**

डिमेंशिया याद्दाश्त से जुड़ी बीमारी है। इसमें व्यक्ति लोगों को पहचान तक नहीं पाता है। बढ़ती उम्र के साथ आपको यह परेशानी न हो, इसके लिए कुछ मेमरी एक्सरसाइज को अपनी दिनचर्या में शामिल करें। उदाहरण के तौर पर 100 से 1 तक उल्टी गिनती करना या चेस खेलना आदि।

**तनाव छोड़कर खुश रहें**

आजकल की भागदौड़ वाली जिंदगी में छोटी उम्र से ही लोग स्ट्रेस का शिकार हो रहे हैं। स्ट्रेस कई बड़ी बीमारियों को न्योता देता है। इससे बचने के लिए योग करें, दोस्तों के साथ घूमें, परिवार से साथ टाइम स्पेंड करें।



## वेट लॉस के साथ कई बीमारियों से बचाव करती है मेडिटेरियन डाइट

हमारी डाइट और स्वास्थ्य के बीच गहरा संबंध होता है। यही कारण है कि आज के समय में लोग डाइट के प्रति सीरियस होने लगे हैं। पिछले कुछ सालों से एक डाइट का नाम काफी चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसका नाम है मेडिटेरियन डाइट। मेडिटेरियन डाइट को हमारे स्वास्थ्य के लिए बेहद प्रभावी माना जाता है। ये कई बीमारियों से बचाव में सुरक्षा कवच की तरह काम करती है। हार्वर्ड मेडिकल की एक स्टडी से पता चलता है कि लंबे समय तक मेडिटेरियन डाइट फॉलो करने वालो को दिल संबंधित बीमारी का जोखिम कम होने के साथ उम्र लंबी होती है। इसको फॉलो करने से एजिंग धीरे व हेल्दी होती है। मेडिटेरियन डाइट में आमतौर पर वेजिटेरियन चीजों को आहार में शामिल किया जाता है। इसमें खासतौर से फ्रेश चीजों का सेवन करने पर जोर दिया जाता है। मेडिटेरियन डाइट में ताजे फल, सब्जियां, साबुत अनाज, लेग्यूम्स (राजमा, छोले, लोभिया आदि), नट्स, सीड्स और हेल्दी फैट्स का सेवन किया जाता है। इसके साथ ही प्रोसेस्ड फूड, शुगर, रेड मीट और रिफाइंड चीजों का सेवन अवॉइड की सलाह दी जाती है। एनसीबीआई की एक रिपोर्ट में डायबिटीज के मरीजों के लिए मेडिटेरियन डाइट को प्रभावी बताया गया है। शोध में डायबिटीज से ग्रसित लोगों में मेडिटेरियन डाइट को फॉलो करने के सकारात्मक परिणाम पाए गए।

## 100 साल तक दिमाग को जवान रख सकती हैं ये चीजें

बुढ़ापा एक प्राकृतिक प्रक्रिया है जो होनी ही है। मगर इसका मतलब यह कतई नहीं कि आपका दिमाग भी बूढ़ा ही हो। पुराने समय में बड़े–बुजुर्गों का दिमाग इतना तेज होता था कि आज के आज आदमी भी उसका मुकाबला ना कर पाए। इसके पीछे सारा खेल स्वस्थ खानपान का है, जिसे आजकल नजरअंदाज किया जा रहा है। दिमाग का बुढ़ापा आने के लिए उम्र ज्यादा होना जरूरी नहीं है। कुछ को जवानी में ही इसके लक्षण झेलने पड़ जाते हैं और कुछ 100 साल की उम्र में भी जवान मस्तिष्क लेकर घूमते हैं। चीजें रखकर भूल जाना, कुछ नया सीखने में परेशानी होना, किसी का नाम भूल जाना, रोजमर्रा के काम करने में दिक्कत होना आदि दिमागी बुढ़ापे की निशानी है। दिमाग की जवानी के लिए अखरोट खाना बढ़िया उपाय है। आप सुबह सवेरे दो भीगे हुए अखरोट खाकर दिन की शुरुआत करें। इससे ओमेगा–3 गुड फैट्स मिलता है, ब्रेन सेल्स को हेल्दी रखता है। इसकी वजह से दिमाग के सिग्नल काफी तेजी से अंगों तक पहुंचते हैं। डार्क चॉकलेट में फ्लेवेनॉइड्स का खजाना होता है, जिनमें न्यूरोप्रोटेक्टिव पावर पाई गई है।

## सिर्फ 1 चुटकी हल्दी से अंदर धंसेगी लटकती तोंद, ऐसे करें यूज



वजन कम करने के लिए लोग कुछ भी करने को तैयार रहते हैं। लेकिन सर्दियों के दिनों में वजन कम करना बहुत मुश्किल होता है। लगातार बैठे रहने से पेट की चर्बी तो निकल जाती ही है लेकिन पेट के साथ–साथ जांघें और कमर भी मोटी दिखने लगती है। बहुत से लोग कमर और पेट के आकार को कम करने के लिए जिम जाकर घंटों एक्सरसाइज नहीं कर पाते हैं। वजन कम करने के लिए क्या करें? पेट और कमर की चर्बी कम करने और सुडौल शरीर पाने के लिए आप किचन में रखे मसालों का इस्तेमाल कर सकते हैं। अगर बात करें मसालों की तो इनमें हल्दी एक ऐसा जादुई मसाला है, जो पेट की चर्बी को काटने का काम करता है। खाने को स्वाद और रंग देने वाले इस मसाले को आप वजन कम करने वाले हथियार के रूप में इस्तेमाल कर सकते हैं। चलिए जानते हैं कि आप वजन घटाने के लिए हल्दी का उपयोग कैसे कर सकते हैं। हल्दी वजन घटाने के लिए फायदेमंद है। पशु अध्ययनों से पता चला है कि हल्दी में एक शक्तिशाली यौगिक करक्यूमिन होता है, जो फैट बर्न करने का काम करता है। वजन कम करने में असमर्थ 44 लोगों पर किए गए एक अध्ययन से पता चला कि दिन में दो बार 800 मिलीग्राम करक्यूमिन लेने से उनका बीएमआई कम हो गया। इसके अलावा कमर और कूल्हे की चर्बी भी कम हुई।



सुरेश रैना समेत अन्य क्रिकेटर्स ने की तारीफ

रितिका ने रोहित का फोटो शेयर करते हुए लिखा स्पेशल जस्ट स्पेशल, जिसका मतलब है खास बहुत ही खास और रेड हर्ट इमोजी भी पोस्ट की। रितिका का ये रिएक्शन जमकर वायरल हो रहा है। इसके अलावा क्रिकेट वर्ल्ड ने भी रोहित की जमकर तारीफ की। सुरेश रैना, इरफान पठान प्तदि च्वींद समेत कई दिग्गज खिलाड़ी भी हिटमैन की तारीफ कर रहे हैं। रोहित ने इस मैच के सुपर ओवर में भी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी की।

## पत्नी रितिका सजदेह ने रोहित शर्मा पर प्यार लुटाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने 17 जनवरी को बेंगलुरु में इतिहास रचा। रोहित ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे मैच में अपने करियर का पांचवां टी20 शतक जड़ा और 121 रन की टी20 करियर की बेहतरीन पारी खेली। रोहित टी20 में सबसे ज्यादा 5 शतक लगाने वाले क्रिकेटर बन गए हैं। दाएं हाथ के बल्लेबाज ने 69 गेंदों में 11 चौके और 8 छक्के लगाकर 121 रन की पारी खेली। 14 महीनों बाद टी 20 में वापसी करने के बाद रोहित पहले दो मैचों में डक आउट हो गए थे। ऐसे में रोहित ने तीसरे मैच में बेहतरीन पारी खेलकर आलोचकों के मुंह पर करारा तमाचा जड़ा। रोहित ने रिंकू के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए नाबाद 95 गेंदों में 190 रन जोड़े, जो टी20 में किसी भी विकेट के लिए भारत की ओर से सबसे बड़ी पार्टनरशिप है। रोहित ने 64 गेंदों में चौके के साथ टी20 करियर में अपना पांचवां शतक पूरा किया। इसके बाद रोहित पर उनकी पत्नी रितिका सजदेह ने सोशल मीडिया पर प्यार लुटाया और रोहित की तारीफ में अपने इंस्टाग्राम स्टोरी में इस आतिशी पारी पर तीन शब्दों का एक मैसेज भी लिखा।

# मैं हर किसी को खुश नहीं रख सकताः रोहित

## 2024 के टीम सेलेक्शन को लेकर बड़ी बात कह गए कप्तान

**क्रिकेट**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कप्तान रोहित शर्मा ने अफगानिस्तान के खिलाफ टी–20 इंटरनेशनल क्रिकेट के इतिहास के सबसे रोमांचक मैच में टीम इंडिया को यादगार जीत दिलाई। हिटमैन ने चिन्नास्वामी के मैदान पर बल्ले से जमकर धमाल मचाया।

तूफानी शतकीय पारी खेलने के बाद रोहित ने अपनी चतुर कप्तानी से टीम इंडिया की जीत की कहानी लिखी। मैच में अपने प्रदर्शन से महफिल लूटने के बाद रोहित ने टी–20 वर्ल्ड कप 2024 के टीम सेलेक्शन को लेकर भी बड़ा बयान दे डाला है।

रोहित शर्मा ने टी–20 वर्ल्ड कप 2024 के टीम सेलेक्शन को लेकर जियो सिनेमा के साथ बातचीत करते हुए कहा, हमने अभी 15 खिलाड़ियों का स्क्वॉड फाइनल नहीं किया है,



लेकिन हमारे दिमाग में 8 से 10 प्लेयर्स का नाम है। ऐसे में हम कंडिशंस के हिसाब से अपना कॉम्बिनेशन बनाएंगे।

वेस्टइंडीज में कंडिशंस धीमी रहती हैं, ऐसे में हमको उसी के हिसाब से टीम चुननी होगी।

भारतीय कप्तान ने टीम सेलेक्शन को लेकर कहा कि वह हर किसी को खुश नहीं रख सकते हैं। उन्होंने कहा, आप हर किसी को खुश नहीं रख सकते हैं। कप्तान रहते हुए यह चीज मैंने सीखी है। आप 15 खिलाड़ियों को खुश रख सकते हैं। इसके बाद सिर्फ 11 प्लेयर्स ही खुश हो पाते हैं। बेंच पर बैठे चार खिलाड़ी भी पूछते हैं कि वह क्यों नहीं खेल रहे हैं। मैंने यह सीखा है कि आप हर किसी को खुश नहीं रख सकते हैं और आपका फोकस टीम गोल पर होना चाहिए। टी–20 वर्ल्ड कप 2024 में टीम इंडिया को अपने पहले मैच में 5 जून को आयरलैंड से भिड़ना है। इसके बाद रोहित की पलटन की अगली भिड़ंत पाकिस्तान के साथ 9 जून को होगी।

दोनों टीमों के बीच यह महामुकाबला न्यूयॉर्क में खेला जाएगा। 12 जून को भारतीय टीम अमेरिका से भिड़ेगी, जबकि 15 जून को ग्रुप स्टेज के आखिरी मैच में टीम इंडिया कनाडा से भिड़ेगी।

# ये तो अश्विन वाली सोच है... रोहित के फैसले से राहुल द्रविड़ भी हैरान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

बेंगलुरु। रोहित शर्मा रिटायर्ड हर्ट हुए या रिटायर्ड आउट? अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और आखिरी टी20 मैच में पहले सुपर ओवर की आखिरी गेंद से पहले जब भारतीय कप्तान पवेलियन लौटे तो सभी के जेहन में यही सवाल था। असल ने रोहित ने जबर्दस्त सूझबूझ और टीमभावना का प्रदर्शन किया। भारत को मैच जीतने के लिये आखिरी गेंद पर दो रन चाहिये थे और वह चाहते थे कि विकेटों के बीच दौड़ में बेहतर रिंकू सिंह मैदान पर आयें।

दूसरे सुपर ओवर में रोहित फिर रिंकू के साथ पारी का आगाज करने उतरे। नियमों के अनुसार एक बल्लेबाज रिटायर्ड आउट



■ रोहित ने जबर्दस्त सूझबूझ और टीमभावना का प्रदर्शन किया

हो जाये तो दूसरे सुपर ओवर में वह दोबारा बल्लेबाजी के लिये नहीं आ सकता। ऐसे में रोहित दूसरे सुपर ओवर में बल्लेबाजी के लिये कैसे उतरे। एक मैच अधिकारी ने बाद में बताया कि विरोधी कप्तान या कोच को कोई ऐतराज नहीं हो तो बल्लेबाज दूसरे सुपर ओवर में फिर आ सकता है।

अफगानिस्तान के कोच जोनाथन ट्रॉट ने हालांकि कहा, 'मुझे नहीं पता कि क्या हुआ (रोहित रिटायर्ड हर्ट हुए या आउट)। क्या कभी दो सुपर ओवर हुए हैं। हम नये नियम बनाते रहते हैं और उन्हें परखते रहते हैं। हमें नियम नहीं बताया गया था। भविष्य में इस तरह की चीजों की सूचना लिखित में दी जानी चाहिये। वैसे हमने अच्छा खेला और मुझे नहीं लगता कि चर्चा नियमों पर होनी चाहिये।'

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने रोहित शर्मा के फैसले की तुलना आर अश्विन से की है। अश्विन राजस्थान रॉयल्स और लखनऊ सुपर जायंट्स के बीच आईपीएल 2022 मैच के दौरान इसी तरह की टेक्निक अपनाई थी। मैच के बाद द्रविड़ ने ब्रॉडकास्टर्स से बात करते हुए कहा– यह ऐश (अश्विन) के लेवल की सोच थी। खुद को बाहर भेजने का फैसला करना ऐश स्तर की सोच थी।

## साम दाम दंड भेद... रोहित के वो 4 फैसले

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे टी20 मैच में टीम इंडिया ने अफगानिस्तान के खिलाफ रोमांचक जीत दर्ज की। मुकाबला टाई हो गया था और इसके बाद जब सुपर ओवर खेला गया तो वह भी ड्रॉ हो गया। ऐसे में दोनों टीमें फिर से सुपर ओवर में खेलने मैदान पर उतरीं। दूसरे सुपर ओवर में भारत ने 11 रन बनाए थे और इसके बचाव में रवि बिश्नोई को गेंद थमाई गई। रवि बिश्नोई ने अफगानिस्तान के दो बल्लेबाज को आउट किया जिससे टीम इंडिया ने मैच को अपने नाम कर लिया। रोहित ने रिंकू सिंह को आखिरी गेंद पर सिर्फ दौड़ने के लिए बुलाया। रोहित ने शुभमन गिल की जगह यशस्वी को इस सीरीज में अपना ओपनिंग पार्टनर बनाया। बिश्नोई मैच में एक विकेट नहीं ले पाए थे और महंगे भी रहे लेकिन रोहित ने उन्हीं पर दांव खेला और वह कर गया। रवि बिश्नोई ने सुपर ओवर में दो विकेट लेकर मैच को भारत की झोली में डाल दिया।

## न्यूज डायरी



### सूर्यकुमार यादव की स्पोर्ट्स हर्निया सर्जरी रही सफल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने बुधवार को कहा कि उन्होंने स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी करा ली है। वह पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका के दौरे के दौरान चोटिल हो गए थे। विश्व के शीर्ष टी–20 बल्लेबाज ने जर्मनी में सर्जरी कराई और उन्हें इससे पूरी तरह उबरने में कम से कम एक महीना लगेगा। उन्होंने कहा, सर्जरी हो गई है। मैं सभी को उनकी शुभकामनाओं के प्रति धन्यवाद करना चाहूंगा जिन्हें मेरे स्वास्थ्य के प्रति चिंता थी। मैं जल्द ही वापसी करूंगा। सूर्यकुमार यादव के आइपीएल के दौरान वापसी की आशा है जिसके बाद जून में टी–20 विश्व कप खेला जाएगा। वह भारत के आइसीसी खिताब के सूखे को समाप्त करने की योजना का अहम हिस्सा हैं।

### ट्रेविस हेड के तूफानी शतक ने ऑस्ट्रेलिया को दी मजबूती

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया बनाम वेस्टइंडीज के बीच एडिलेड में पहला टेस्ट मैच खेला जा रहा है, जिसके दूसरे दिन के खेल तक ऑस्ट्रेलिया ने कैरेबियाई टीम पर मजबूत पकड़ बना ली है। आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के तहत खेली जा रही इस सीरीज में वेस्टइंडीज की टीम हार के कगार पर पहुंच गई है। अभी तक दो दिन का खेल खेला जा चुका है। दूसरे दिन के खेल तक वेस्टइंडीज की टीम दूसरी पारी में 6 विकेट के नुकसान पर 73 रन बना चुकी है। वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 283 रन पर ऑलआउट कर दिया। फिलहाल दूसरे दिन स्टंप तक वेस्टइंडीज की टीम ऑस्ट्रेलिया से 22 रन से पीछे है। दरअसल, ऑस्ट्रेलियाई टीम की तरफ से दूसरे दिन के खेल में ट्रेविस हेड (ज्तंअपे भ्मंक) के बल्ले से तूफानी शतक निकला।उनके अलावा वेस्टइंडीज की तरफ डेब्यू मैच खेल रहे शमार जोसेफ ने गेंद से कहर बरपाते हुए 5 विकेट अपने नाम किए। वहीं, दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई टीम की तरफ से जोश हेजलवुड ने 4 विकेट ले लिए। दूसरे दिन के खेल खत्म होने तक वेस्टइंडीज से विकेटकीपर जोशुआ डा सिल्वा नाबाद रहे। वह तीसरे दिन इस पारी को आगे बढ़ने का काम करेंगे। बता दें कि ट्रेविस हेड ने दूसरे दिन के खेल में 134 गेंदों का सामना करते हुए 12 चौके और 3 छक्कों की मदद से 119 रन की पारी खेली। इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 88 का रहा। उनके अलावा उस्मान ख्वाजा ने 45 रन बनाए।

### इरफान पठान ने यूसुफ पठान की गेंद पर जड़ा मैच विनिंग सिक्स

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** बेंगलुरु। सत्य साईं ग्राम मुदेनहल्ली क्रिकेट स्टेडियम बेंगलुरु में वन वर्ल्ड वन फैमिली कप का आयोजन किया गया। यह एक फ्रेंडली मैच था। मैच में सचिन की टीम वन वर्ल्ड ने युवराज सिंह की टीम वन फैमिली को 4 विकेट से हराया। चौरिटी मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए युवराज की टीम ने 6 विकेट नुकसान पर 180 रन बनाए। सचिन की टीम ने 19.5 ओवर में 6 विकेट खोकर 184 रन बनाकर मैच जीत लिया। इरफान पठान ने यूसुफ की गेंद पर सिक्स जड़कर मैच खत्म किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए वन वर्ल्ड के लिए कप्तान सचिन तेंदुलकर और नमन ओझा ने पारी की शुरुआत की। पहले विकेट के लिए सचिन और नमन के बीच 23 गेंद पर 31 रन की साझेदारी हुई। नमन ओझा को चमिंडा वास ने पवेलियन की राह दिखाई। नमन ओझा ने 18 गेंद पर 25 रन की पारी खेली। दूसरे विकेट के लिए एलविरो पीटरसन ने सचिन के साथ 22 गेंद पर 42 रन की साझेदारी की। सचिन 16 गेंद पर 27 रन बनाकर मुरलीधरन का शिकार बने। तीसरे विकेट के लिए पीटरसन और उपुल थरंगा के बीच 44 गेंद पर 57 रन की साझेदारी हुई। इस साझेदारी को जेसन क्रेजा ने थरंगा को आउट करके तोड़ा। थरंगा ने 20 गेंद पर 29 रन की पारी खेली। अलविरो पीटरसन टिककर खेलते हुए 38 गेंद पर अपना अर्धशतक पूरा किया। बद्रीनाथ कुछ खास नहीं कर सके और वह 4 रन बनाकर युवराज सिंह का शिकार बने। नाजुक मोड़ पर पहुंचे मैच में तब जान आ गई, जब चमिंडा वास ने एलविरो पीटरसन को 74 के स्कोर पर कैफ के हाथों कैच करवा दिया। 19वें ओवर में चमिंडा वास ने दो विकेट चटकाए। पहले सेट बल्लेबाज एलविरो पीटरसन को आउट किया।



हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा ने की श्री राम शोभायात्रा की तैयारी तेज

**संवाददाता** देहरादून। भाजपा ने अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव के लिए दून में निकल रही भव्य शोभायात्रा की तैयारियां तेज कर दी है। श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा उत्सव समिति सदस्य व भाजपा महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने बताया कि 20 जनवरी को निकलने वाली भगवान श्री राम की भव्य शोभायात्रा परेड ग्राउंड खेल मैदान से सुबह 10 बजे प्रारंभ होकर गांधी पार्क, घंटाघर, पलटन बाजार से वापसी डिस्पेंसरी रोड से होकर तहसील चौक, दर्शन लाल चौक से रेंजर ग्राउंड सम्पन्न होगी। यह एक ऐतिहासिक अलौकिक दिव्य भगवान श्री राम की शोभायात्रा होगी। जो कि भगवान के प्राण प्रतिष्ठा से पहले होने जा रही है।

### उत्तराखंड के छह जिलों में लोगों के खानपान का होगा आकलन

**संवाददाता** ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश में डाइट एंड बायोमार्कर स्टडी इंडिया परियोजना प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न आयु समूहों के बीच व्यक्तिगत भोजन और पोषक तत्वों के सेवन का आकलन करने पर चर्चा की गई। विभिन्न टीमें उत्तराखंड के छह जिलों में लोगों के खानपान का डाटा भी एकत्रित करेंगी। गुरुवार को एम्स में आईसीएमआर और राष्ट्रीय पोषण संस्थान हैदराबाद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम का कार्यकारी निदेशक मीनू सिंह ने उद्घाटन किया। सीएफएम विभागाध्यक्ष प्रोफेसर वर्तिका सक्सेना ने बताया कि डीएबीएसआई परियोजना देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तीन चरणों में संचालित की जा रही है।

### पेंशनर्स संगठन ने जताया शोक

**संवाददाता** देहरादून। सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर संगठन उत्तराखंड के संस्थापक संरक्षक रहे यशवंत सिंह पुंडीर के आकस्मिक निधन पर शोक जताया। गुरुवार को कोषागार प्रांगण में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की गई। दो मिनट का मौन भी रखा गया। गवर्नमेंट पेंशनर संगठन उत्तराखंड के जिला अध्यक्ष आदि मौजूद रहे।

### ब्लैकबेरीज मैन की रखने लायक जरूरी विंटर पोशाकें

**संवाददाता** देहरादून। सर्दियां पुरुषों के बेहतरीन पहनावे सामने लाती हैं और उनके लिए ठाठदार लिबास या औपचारिक कपड़े पहनने के कई विकल्प पेश करती हैं। आखिरकार, तमाम एक्सेसरीज के साथ बेहतरीन ढंग से सिले हुए, किसी जबरदस्त फिट श्री–पीस सूट को पहनने वाला कोई शख्स, इस ठंडे मौसम के नीरस और उदासी भरे दिनों में कई लोगों के दिल गरमा सकता है।

# जल्द से जल्द योजनाओं को पूरा करने की हिदायत

**निर्देश**

■ अपर मुख्य सचिव ने पूर्णागिरी क्षेत्र के विकास हेतु मास्टर प्लान को तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश

**संवाददाता**

देहरादून। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने पूर्णागिरी क्षेत्र के विकास हेतु मास्टर प्लान को तत्काल प्रस्तुत करने के निर्देश के साथ ही शासन स्तर के अधिकारियों एवं जिलाधिकारी चंपावत को मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर इंटिग्रेटेड अप्रोच के साथ काम करते हुए जल्द से जल्द योजनाओं को पूरा करने की हिदायत दी है। इसके साथ ही श्रीमती राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारी चंपावत को जिले में विशेष रूप से दूरस्थ एवं दुर्गम ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाकर गर्भवती महिलाओं की नियमित स्वास्थ्य जांच एवं आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए हैं। सचिवालय में अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने चंपावत विधानसभा क्षेत्र हेतु मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणाओं



की प्रगति की समीक्षा की।

बैठक में शहरी विकास विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि चम्पावत के गोरलचोड मैदान को स्टेडियम का स्वरूप देने के सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा 45 लाख रुपये की वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति हेतु प्रस्ताव सचिव आवास को भेज दिया गया है। बनबसा में मुक्तिधाम के निर्माण के कार्य को जल्द ही सिंचाई विभाग को स्थानांतरित कर दिया जाएगा। नगर क्षेत्र चम्पावत में सीवर लाइन के सम्बन्ध में यूयूएसडीए द्वारा डीपीआर पर कार्य किया जा रहा है। चम्पावत में पंचमुखी गौशाला धाम के सम्बन्ध में शासन द्वारा स्थल चयन समिति से आख्या मांगी गई है। टनकपुर में कम्युनिटी हॉल के निर्माण के सम्बन्ध में कार्यवाही गतिमान है।

पर्यटन विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि चम्पावत में एडवेंचर पार्क के निर्माण, हैरिटेज स्ट्रीट के निर्माण, पूर्णागिरी क्षेत्र को ईको टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने, गौरलचौड मैदान के समीप ओपन एयर थियेटर के निर्माण तथा गोल्ज्यू मंदिर के समीप पर्यटन अवस्थापनाओं के विकास के सम्बन्ध में कार्यवाही गतिमान है। लोक निर्माण विभाग द्वारा जानकारी दी गई कि तहसील चम्पावत में ग्रामीण क्षेत्रों में 10 किमी सड़क निर्माण के सम्बन्ध में आगणन तैयार किये जा रहे हैं। चमतोला से ओलना तक मोटर मार्ग के निर्माण की डीपीआर 29 जनवरी तक शासन को उपलब्ध हो जाएगी।

बालातडी के गोलचोरा बैड से खरडी मटकनी मोटर मार्ग के निर्माण, किमोटा–रिरवाडी मोटर मार्ग के निर्माण, टाक खंदक–करौली मोटर मार्ग के डामरीकरण, केदारनाथ गैस गोदाम से भैसर्क तक 2.5 किमी कच्चे मोटर मार्ग के सुधारीकरण, देवीधूरा मुख्य मार्ग से आदर्श महाविद्यालय देवीधूरा कन्वाण तक 03 किमी सड़क के नवनिर्माण तथा पखोटी बैंड से पखोटी बैरख 5 किमी कच्चे मोटर मार्ग के सुधारीकरण एवं डामरीकरण पर कार्यवाही गतिमान है।

### राष्ट्रीय खेलों से पहले 2500 मेडलिस्ट तैयार करने का लक्ष्य

**संवाददाता** देहरादून। खेल एवं युवा कल्याण मंत्री रेखा आर्या ने राष्ट्रीय खेलों से पहले राज्य में 2500 मेडलिस्ट खिलाड़ी तैयार करने का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि राज्य का प्रत्येक खेल कोच पांच मेडलिस्ट तैयार करेगा। खेल मंत्री रेखा आर्या ने गुरुवार को खेल निदेशालय में अधिकारियों के साथ राष्ट्रीय खेलों को लेकर बैठक ली। खेल मंत्री ने इस दौरान कहा कि राज्य में पांच सौ खेल कोच हैं। सभी को पांच पांच मेडलिस्ट तैयार करने हैं। ताकि राष्ट्रीय खेलों में राज्य के 2500 खिलाड़ी मेडलिस्ट बन सकें। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों से पहले प्रतिभावान खिलाड़ियों पर फोकस कर उनकी प्रतिभा को निखारने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, निदेशक खेल जितेंद्र सोनकर,अजय अग्रवाल, राजेश ममगाईं आदि मौजूद रहे। इस दौरान खेल मंत्री ने खेल विभाग से संबंधित मुख्यमंत्री घोषणाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से जो भी घोषणाएं की गई हैं उन्हें तत्काल पूरा किया जाए। उन्होंने राष्ट्रीय खेलों से पहले खेल मैदानों के निर्माण व अवस्थापना के बारे में जानकारी ली।

# 'बिल लाओ ईनाम पाओ' योजना की बढ़ रही है लोकप्रियता

**घोषणा**

■वित मंत्री ने 14वें लकी ड्रॉ की घोषणा ऑनलाईन माध्यम से की

**संवाददाता**

देहरादून। वित्त मंत्री डॉ. प्रेम चन्द अग्रवाल द्वारा 1 सितम्बर 2022 से शुरू की गई "बिल लाओ ईनाम पाओ" योजना के 14वें लकी ड्रॉ की घोषणा विधान सभा स्थित सभागार कक्ष में ऑनलाईन माध्यम से की गई जिसमें दिसम्बर 2023 में उपभोक्ताओं द्वारा अपलोड किये गये बिलों को शामिल किया गया।

मंत्री ने कहा कि गुरुवार का समारोह 14वें मासिक लकी ड्रॉ



के ऐसे विजेताओं का चयन किये जाने के लिए आयोजित किया गया है, जिनके द्वारा पंजीकृत व्यापारियों से की गयी खरीद पर प्राप्त बिल को अपलोड किया गया है। उन्होंने कहा कि आज के मासिक लकी ड्रॉ में 01 दिसम्बर, 2023 से 31 दिसम्बर, 2023 तक की अवधि में की गयी खरीद पर अपलोड किये गए कुल 78,106 बिलों को शामिल किया गया है।

मंत्री ने कहा कि "बिल लाओ ईनाम पाओ" योजना के अन्तर्गत अब तक लगभग 72,969 उपभोक्ता पंजीकृत हुये हैं, जिनके द्वारा लगभग रु0 207.20 करोड़ मूल्य के 4,41,820 बिल अपलोड किये गये हैं। उन्होंने कहा कि योजना की लोकप्रियता को देखते हुए योजना के अंतर्गत मासिक पुरस्कार दिए जाने की अवधि को दिनांक 30 नवम्बर, 2023 से बढ़ाकर दिनांक 31 मार्च, 2024 तक किया गया है। मंत्री ने कहा कि योजना की लोकप्रियता इतनी अधिक है कि अन्य राज्यों द्वारा भी इस योजना का अनुसरण किया जा रहा है वहीं केन्द्र सरकार द्वारा भी इस तरह की योजना लांच की गई है।

वित्त मंत्री ने कहा कि ग्राहकों को मासिक पुरस्कार के अंतर्गत 1500 पुरस्कार दिए जा रहे हैं। आज के पश्चात भी प्रत्येक माह 31 मार्च, 2024 तक उपभोक्ताओं के पास बिल अपलोड करने पर मासिक पुरस्कार के रूप में 500 मोबाईल फोन, 500 स्मार्ट वॉच तथा 500 ईयर फोन को जीतने का अवसर होगा।

### सिटी ब्यूटी कॉम्पिटिशन को किया गया लॉन्च

**संवाददाता** देहरादून। प्रशासक/जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका अवगत कराया कि केंद्र सरकार ने शहरी स्थानीय निकायों को शहरों के सार्वजनिक बुनियादी ढांचे में सुधार के आधार पर मजबूत करने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रमुख पहल की है। बताया कि सिटी ब्यूटी कॉम्पिटिशन को आवास और शहरी विकास मंत्रालय द्वारा लॉन्च किया गया। सिटी ब्यूटी कॉम्पिटिशन का उद्देश्य सुंदर, अभिनव और समावेशी सार्वजनिक स्थान बनाने के लिए भारत में शहरों और वार्डों द्वारा किए गए परिवर्तनकारी प्रयासों को पहचानना और प्रोत्साहित करना है। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले वार्डों और शहरों का मूल्यांकन पांच मापदंडों के आधार पर किया जाएगा (1) पहुंच (2) सुविधाएं (3) गतिविधियाँ (4) सौंदर्यशास्त्र (5) पारिस्थितिकी। ऐसे स्थान बनाने के लिए असाधारण कार्य करने वाले चयनित वार्डों और शहरों को शहर और राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at https://www.page3news.co.
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+



Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के. प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादक: प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालय:
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।